बरेली, गुरुवार
9 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO.-IV : MIDDLE

एसआरएमएस ने दिल्ली को हराया

एसएनएस बुलंदशहर और एसआरएमएस एकेडमी के बीच होगा चौथा क्वार्टर फाइनल

जासं, बरेली : श्री राम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के 10वां और 11वां मैच फिर बारिश से बाधित हो गए। आइनेक्स्ट जनरेशन और तेजस्वी स्पोर्ट्स मेरठ के बीच खेला गया 10वां मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ा। जिससे दोनों टीमों को 1-1 अंक दिया गया। 11वें मुकाबले में एसआरएमएस किंग्स ने मनीष शर्मा स्पोर्ट्स फेडरेशन (एमएसएसएफ) दिल्ली को तीन विकेट से पराजित किया। इसमें अर्धशतक बनाने वाले एसआरएमएस किंग्स के बल्लेबाज पंकज को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार शाम 11वां मैच ग्रुप-सी की मनीष शर्मा स्पोर्ट्स फेडरेशन (एमएसएसएफ) दिल्ली और एसआरएमएस किंग्स के बीच दोपहर दो बजे खेला गया। एमएसएसएफ के कप्तान ध्रुव मेहरोत्रा ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और टीम ने 8 विकेट खोकर 20 ओवर में 122 रन बनाए। इसमें शिवार्पित (21 रन, 21 गेंद, 3 चौके, 1 छक्का), कनव मेहरा (19 रन, 27 गेंद, 2 चौके, 1 छक्का), देव राजोरा (29 रन, 27 गेंद, 2 चौके, 1 छक्का) और राजन ठाकुर (17 रन, 8 गेंद, 4 चौके) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके जवाब में एसआरएमएस किंग्स ने तेजी से खेलना शुरू किया और एमएसएसएफ के गेंदबाज बराबर उन्हें टक्कर देते रहे। लेकिन नतीजा मैच के अंतिम ओवर में निकला और एसआरएमएस किंग्स ने 124 रन बनाकर तीन विकेट से मैच जीत लिया। जीत में विजय (21 रन, 20 गेंद, 2 चौके), पंकज (55 रन, 49 गेंद, 8 चौके, 1 छक्का), आर्यन (16 रन, 19 गेंद, 2 चौके) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 8 चौके और एक छक्के की मदद से अर्धशतक बनाने वाले पंकज को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। आयोजन समिति के सचिव डा. नितिन सक्सेना ने बताया कि बुधवार को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली 7 टीमों की तस्वीर साफ हो गई है।

एसआरएमएस स्टेडियम में क्रिकेट खेलते हुए खिलाड़ी • सौ. आयोजक

- दूसरे क्वार्टर में जीका इलाहाबाद और तेजस्वी स्पोर्ट्स के विजेता से भिड़ेगी एमडीसीए मेरठ
- बारिश से बाधित होने पर 10वें मैच में दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया गया

आज होगा क्वार्टर फाइनल मुकाबला : नौ अप्रैल को पहला क्वार्टर फाइनल आइके कलेक्शन बरेली और बजाज टेक्सटाइल अमरोहा के बीच होगा। तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल 10 अप्रैल को खेला जाएगा। तीसरे क्वार्टर फाइनल में एसआरएमएस किंग्स और आइके नेक्स्ट जनरल के बीच खेला जाएगा। चौथे क्वार्टर फाइनल में एसएनएस बुलंदशहर का मुकाबला एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के बीच होगा। दूसरे क्वार्टर फाइनल में एमडीसीए मेरठ की टीम खेलेगी, उसका मुकाबला बुधवार रात हो रहे जीका इलाहाबाद और तेजस्वी स्पोर्ट्स में विजेता से होगा।